हिन्दुस्तान
1936
गुरुवार
3 नवंबर 2022, कार्तिक शुक्ल पक्ष, दशमी, विक्रम संवत 2079, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

Page No : 05 MIDDLE

एसआरएमएस में हुई क्यूटिशॉप वर्कशॉप

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बुधवार को डर्मेटोलाजी विभाग की ओर से चेहरे की ढीली त्वचा को टाइट करने के संबंध में क्यूटिशाप वर्कशाप 2022 आयोजित हुई। इसमें स्किन स्पेशलिस्ट डा. इंदू बल्लानी और डा. मृगांका मेहरा ने अत्याधुनिक तकनीकि का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि चेहरे की त्वचा को टाइट करने के लिए बोटाक्स का इस्तेमाल किया जाता है। इसे सर्जरी के जरिये स्किन में इंजेक्ट किया जाता है। यह कष्टप्रद और खर्चीली प्रक्रिया है। इसके स्थान पर अब नान सर्जिकल प्रोसेस की ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है। जिसमें धागे का इस्तेमाल होता है। धागे को निडिल के जरिये स्किन में डाला जाता है और उसे खींच कर ढीली त्वचा को

डॉ. इंदू बल्लानी को स्मृति चिह्न देते मेडिकल कॉलेज के आदित्य मूर्ति। ● हिन्दुस्तान

टाइट कर दिया जाता है। इसमें मरीज को पीड़ा भी कम होती है और खर्च भी अमूमन कम आता है। वर्कशाप से पहले सरस्वती वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ। डर्मेटोलाजी विभाग के अध्यक्ष और वर्कशाप के आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा. प्रतीक गहलोत ने सभी का स्वागत किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता ने मेडिकल कालेज की उपलब्धियों का जिक्र किया। मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने कोविड महामारी के दौर में वर्चुअल वर्कशाप आयोजित हो रही थीं। लेकिन फिजिकल वर्कशाप का अपना विशेष महत्व है। डा.मधुर कांत रस्तोगी ने आभार जताया।

Page No : 05 MIDDLE

पैरामेडिकल छात्रों की समस्या को लेकर घेराव

बरेली। एसआरएमएस के पैरामेडिकल छात्रों की समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पैरामेडिकल अंतिम वर्ष के छात्रों का रिजल्ट जारी होने के बाद इंटर्नशिप होनी थी, मगर संस्थान ने इससे पहले ही इंटर्नशिप करवा दी। अब परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद इसे मान्यता नहीं दे रहे। समस्या को महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सामने रखने का आश्वासन दिया।